बिहार लोक सेवा आयोग, पटना।

15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना– 800001

आवश्यक सूचना

वि॰सं॰ 06/2020, परिवहन विभाग के अंतर्गत ''मोटरयान निरीक्षक'' के पदों पर नियुक्ति हेतु आयोग द्वारा ऑनलाईन आवेदन भरने हेतु दिनांक 30.04.2020 को विज्ञापन प्रकाशित किया गया था। उक्त विज्ञापन की कंडिका 9 (i) के आलोक में आयोग कार्यालय में स्पीड पोस्ट/निबंधित डाक से आवेदन की हार्डकॉपी एवं सभी प्रमाण पत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि 20.07.2020 के अपराह्न 5.00 बजे तक निर्धारित की गई थी। तदालोक में उक्त पद से संबंधित विज्ञापन के अंतर्गत 831 अभ्यर्थियों के आवेदन की हार्डकॉपी आयोग कार्यालय में अप्राप्त है। ऐसे अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि यदि उन्होंने आयोग द्वारा निर्धारित तिथि के अंतर्गत हार्डकॉपी प्रेषित किया हो तो इस संबंध में साक्ष्य (निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट की छायाप्रति) संलग्न करते हुए निर्धारित प्रारूप में भरकर आयोग को दिनांक 26.04.2021 तक विहित प्रपत्र में निश्चित रूप से भेजना सुनिश्चित करेंगे। (प्रपत्र संलग्न)

2. वैसे 265 अभ्यर्थी जिन्होंने आवेदन की हार्डकॉपी तो आयोग कार्यालय में भेजा है परंतु हार्डकॉपी के साथ कोई भी प्रमाण पत्र संलग्न नहीं किया गया है वांछित कागजात के साथ स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजना सुनिश्चित करेंगे।

3. वैसे 371 अभ्यर्थी जिन्होंने आवेदन की हार्डकॉपी के साथ डिप्लोमा प्रमाण पत्र/अंक पत्र संलग्न नहीं किये है एवं 132 अभ्यर्थी द्वारा संलग्न डिप्लोमा प्रमाण पत्र/अंक पत्र से सत्र की अवधि/शैक्षिक योग्यता स्पष्ट नहीं है। इस संबंध में निर्गत प्रमाण पत्र जिसमें डिप्लोमा की अवधि एवं शैक्षिक योग्यता का स्पष्ट हो, भेजना सुनिश्चित करेंगे।

4. वैसे 163 अभ्यर्थी जिनके द्वारा डिप्लोमा प्रमाण पत्र निर्गत करने वाले संस्थान केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त हैं या नहीं, से संबंधित साक्ष्य स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजना सुनिश्चित करेंगे।

5. वैसे 61 अभ्यर्थी जिन्होंनें एक से अधिक आवेदन किया है, को बाद में प्राप्त आवेदन के साथ अंतर्लीन (Merge) किया गया है।

उपर्युक्त वर्णित सभी श्रेणियों के अभ्यर्थी (सूची आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर प्रदर्शित है) वांछित कागजात जो दिनांक 14.07.2020 तक का निर्गत हो, दिनांक 26.04.2021 के अपराह्न 5.00 बजे तक लिफाफा पर **विज्ञापन संख्या– 06/2020 अंकित करते हुए स्पीड पोस्ट के माध्यम से संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक, बिहार लोक सेवा आयोग, 15, नेहरू पथ, पटना– 800001 को** भेजना सुनिश्चित करेंगे।

नोटः– वैसे अभ्यर्थी जो हार्डकॉपी के साथ वांछित सभी प्रमाण पत्र संलग्न कर आयोग कार्यालय में भेज चुके हैं उन्हें पुनः आवेदन (हार्डकॉपी) भेजने की आवश्यकता नहीं है।

अभ्यर्थी वांछित साक्ष्य Online आवेदन भरने की अन्तिम तिथि (14.07.2020) तक निर्गत संलग्न कर भेजना सुनिश्चित करेंगे, जिसके आधार पर पूर्व में प्रेषित आवेदन की हार्ड कॉपी के साथ संलग्न अन्य प्रमाण पत्रों की जाँच विज्ञापन की शर्तों के आलोक में करते हुए नियमानुसार अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी। वांछित सूचना उपलब्ध नहीं कराये जाने की स्थिति में बाद में किसी प्रकार का अनुरोध/दावा स्वीकार्य नहीं होगा तथा ऐसे आवेदकों की उम्मीदवारी रद्द किए जाने के सम्बन्ध में आयोग के स्तर पर निर्णय लिया जायेगा।

10.4.21

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना